प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 04.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने बहुदेश्यीय कर्मी भर्ती नियमावली को दी मंजूरी, हजारों नियुक्तियों का रास्ता हुआ साफ।।
- घाटशिला उपचुनाव का प्रचार तेज, आज ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगेंगे वोट, झामुमो नेता कल्पना सोरेन की होंगी दो सभाएं।
- झारखंड हाईकोर्ट में सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में सुनवाई पूरी, अदालत ने फैसला रखा सुरक्षित।
- स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की बैठक में मानक पूरा नहीं करने वाले ब्लड बैंकों को बंद करने का फैसला, 12 से 28 नवंबर तक चलेगा राज्यव्यापी रक्तदान अभियान।
- 69वीं राष्ट्रीय स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में झारखंड के मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन, तीन पदकों पर जमाया कब्जा।

**********************

राज्य सरकार ने बहुदेश्यीय कर्मी भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2025 को स्वीकृति दे दी है। इससे विभिन्न विभागों और कार्यालयों में मल्टी टास्किंग स्टाफ की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इसमें सीधी भर्ती के साथ–साथ संविदा पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण का प्रावधान है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कल हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

**********************

राज्य मंत्रिपरिषद ने रांची के मांडर विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कैम्बो मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना पर 236 करोड़ 20 लाख 81 हजार रुपये की लागत आएगी। बैठक के बाद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पत्रकारों को बताया कि इस योजना से मांडर और चान्हो प्रखंड के 14 गांवों को लाभ मिलेगा।

**********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव का प्रचार तेज हो गया है। इस कड़ी में आज ओड़िशा के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन चरण मांझी घाटशिला आयेंगे। वे आज घाटशिला ब्लॉक के गंधानीयाहाट मैदान और गुड़ाबांधा ब्लॉक के बलियापोश फुटबॉल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बीच भाजपा सांसद ढुल्लु महतो ने पार्टी प्रत्याशी की जीत का दावा किया है।

**********************

इधर, झामुमो की वरिष्ठ नेता और विधायक कल्पना सोरेन भी आज घाटशिला में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। वे गालूडीह आंचलिक मैदान में और गुड़ाबंदा सिंहपुरा जयघंटापुर मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी। इस बीच झामुमो नेता और विधायक जगत मांझी ने दावा किया है कि इस बार पार्टी प्रत्याशी की जीत रिकार्ड मतों से होगी।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता, सीजीएल 2023 के तहत ली गयी परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच के लिए दायर याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए पूर्व में मेरिट लिस्ट जारी नहीं करने के अंतरिम रोक को बरकरार भी रखा है।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

***********************

12 से 28 नवंबर तक राज्य भर में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान चलाया जाएगा। राज्य स्तर पर अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। यह निर्णय रांची स्थित नेपाल हाउस सचिवालय में आयोजित स्टेट ब्लड ट्रांस्फ्यूजन काउंसिल की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिस ब्लड बैंक में कोई कमी है, उसे तत्काल पूरा किया जाए। जो मानकों पर खरा नहीं उतरेंगे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा।

***********************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जीएसटी दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि ये सुधार आवास क्षेत्र में मददगार साबित हो रहे हैं।

***********************

आइसीएआइ नयी दिल्ली ने नंवबर–2025 सेशन में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें रांची परीक्षा केन्द्र से प्रखर अडुकिया ने कुल 442 अंक हासिल कर पूरे देश में 34वां रैंक हासिल किया है। वे रांची टॉपर बने हैं। रांची केन्द्र से अरविन्द अग्रवाल को राज्य में दूसरा और कृष्णन सारदा को तीसरा स्थान मिला है।

***********************

गढ़वा जिले में वनोपज उत्पादों के व्यवसाय से किसानों को जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की जा रही है।

***********************

झारखंड में मोंथा तूफान का असर खत्म होने के बाद ठंड बढ़ने लगी है। तूफान की वजह से पिछले दिनों हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है। सुबह और रात में सिहरन भरी ठंड बढ़ती जा रही है। जिससे लोगों ने हल्की सर्दी का अहसास करना शुरू कर दिया है। रांची जिले में न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री और अधिकतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

***********************

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर स्थित खेलो इंडिया इनडोर स्टेडियम में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य हासिल किये। अंडर–17 बालक वर्ग में झारखंड के आर्यन मुखी ने 46 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। वहीं कनिष्क गोराई ने 63 किलोग्राम भारवर्ग और मोहित गोप ने 66 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

**********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 17 ब्लड बैंक के लाइसेंस होंगे रद्द, आज कोर्ट में रिपोर्ट सौंपेगा स्वास्थ्य विभाग।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मुख्य सचिवों ने सर्वोच्च न्यायालय से एक साथ माफी मांग।

प्रभात खबर के शब्द हैं– वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र, एससी आयोग और परामर्शदातृ परिषद के गठन का किया आग्रह।

दैनिक जागरण लिखता है– सामान्य उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा मुफ्त बिजली का बोझ।

**********************